अमर उजाला २३/०२/२०२३

आयोजन

जीएमएन कॉलेज में समझौता पत्र के अंतर्गत राज्य स्तरीय विद्यार्थी संगोष्ठी आयोजित

# देश की तरक्की में युवाओं का अहम योगदान : डॉ. दत्त

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग और इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब की ओर से समझौता पत्र के अंतर्गत प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यार्थी संगोष्ठी आयोजित की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह नैन ने मुख्य अतिथि डॉ. विनय मल्होत्रा और अन्य अतिथि डॉ. हरपाल सैनी का स्वागत किया। डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि किसी भी देश की तरक्की में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता हैं।

उनके पास नये विचार होते है, उनकी भूमिका राजनीति में महत्वपूर्ण होती है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीएमएन कॉलेज की यह एक अनूठी पहल है। विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संगोष्ठी का होना महत्वपूर्ण है, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा। संगोष्ठी में डॉ. विनय मल्होत्रा ने राजनीतिक विभाग को बधाई दी और प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि आज भी ये विभाग पहले की तरह अपनी उपलब्धियों पर बने हुए है। डॉ. हरपाल सैनी ने कहा कि युवा पीढ़ी ही भारत को नेतृत्व प्रदान करेगी। डॉ. सुरेंद्र सिंह नैन ने बताया कि लोकतंत्र के मूल्यों को बनाये रखने के लिए युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में भी आगे आना होगा।



मुख्य सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट करता स्टाफ। संवाद

इस राज्य स्तरीय विद्यार्थी संगोष्ठी में हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के अलग अलग कॉलेजों व यूनिवर्सिटी से आए 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान अंकित यादव, द्वितीय स्थान कुशाल और तृतीय स्थान रिया को प्राप्त हुआ है। संगोष्ठी में डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. सीपी पुनिया, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, डॉ तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह और विशाल तनेजा मौजूद रहे।